Regarding construction of an overbridge at Badaun Dataganj railway crossing

श्री आदित्य यादव **(बदायूं) :** सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र बदायूं के एक गंभीर विषय की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । बदायूं और दातागंज मार्ग के रेलवे फाटक पर एक ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । वहां किसानों का एक बड़ा समूह गन्ने की खेती से सीधे जुड़ा हुआ है । मंडियों तक जाने के लिए एकमात्र रास्ता किसानों के पास सिर्फ दातागंज से बदायूं आने का होता है । वहीं पर एक फाटक पड़ता है । इस समय वहां पर भारत सरकार द्वारा एक अण्डरपास स्वीकृत किया गया है । उस क्षेत्र में गन्ना फसल के साथ ही दूसरी फसलें भी होती हैं । उस अण्डरपास से जाने में किसानों को खासा दिक्कत होती है ।

महोदय, आपके माध्यम से सरकार से मेरा सिर्फ इतना ही अनुरोध होगा कि अभी जो अण्डरपास स्वीकृत किया गया है, लेकिन उसका निर्माण शुरू नहीं हुआ है । रेलवे मंत्रालय इसके लिए तत्काल संज्ञान ले । अगर उस अण डरपास को परिवर्तित करके एक ओवरब्रिज बनाया जाए तो मैं समझता हूं कि इससे किसानों को ज्यादा सहूलियत होगी ।

महोदय, इसके साथ ही हमें यह भी देखना होगा, क्योंकि कई जगहों पर जहां अण्डरपास बने हैं, वहां पानी भराव की भी समस्या होती है और इससे लोगों की आवाजाही में दिक्कत होती है । इसका एकमात्र सॉल्यूशन ओवरब्रिज का निर्माण होगा । इस विषय की तरफ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।